भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1266
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन विकास के लिए नए स्थलों की पहचान

†1266. श्री एस.आर. पार्थिबन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु राज्य में पर्यटन के विकास के लिए किन्हीं नए स्थलों की पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की सलेम जिले में पर्यटन विकास की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकार/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में विकास हेतु 'मामल्लपुरम' और 'नीलगिरी' गंतव्यों को चिह्नित किया गया है।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के अंतर्गत विकास हेतु तमिलनाडु राज्य में आठ नवगृह मंदिरों को चिह्नित किया है।

तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन 1.0, प्रशाद और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। तथापि पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु के सलेम जिले में ऊपर उल्लिखित योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के भाग के रूप में कोई भी हस्तक्षेप शुरू नहीं किया है।

****

अनुबंध

श्री एस.आर. पार्थिबन द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन विकास के लिए नए स्थलों की पहचान के संबंध में दिनांक 11.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1266 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना
(करोड़ रु. में)

क्र.	राज्य	परिपथ	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि

सं.				
1.	तमिलनाडु	तटवर्ती परिपथ 2016-17	(चेन्नई – मामल्लपुरम – रामेश्वरम – मनपाडु – कन्याकुमारी) का विकास	73.13

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	संस्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत
1.	तमिलनाडु	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99
2.	तमिलनाडु	वेलंकनी का विकास	2016-17	4.86

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र सं	राज्य	परियोजना का नाम	वर्ष	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत की गई राशि
1.	तमिलनाडु	चेन्नई पोर्ट में मॉजूदा पैसेंजर टर्मिनल में क्रूज पैसेंजर सुविधा केन्द्र	2012-13	चेन्नई पोट ट्रस्ट	17.25
2.	तमिलनाडु	रामेश्वर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2017-18	रेल मंत्रालय	4.70
3.	तमिलनाडु	मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2018-19	रेल मंत्रालय	4.48

****